एक नजर में

## श्री राम लक्ष्मीनारायण मंदिर का 48वां वार्षिकोत्सव 31 जनवरी को, भव्य आयोजनों की तैयारी

नागदा (धार)। मध्य प्रदेश श्री दामोदर वंशीय जुना गुजराती दर्जी समाज, नागदा द्वारा आगामी 31 जनवरी 2026, शनिवार (माघ सुदी 13) को श्री राम लक्ष्मीनारायण मंदिर का 48वां वार्षिकोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




धार्मिक कार्यक्रमों का विवरण- उत्सव की शुरुआत सुबह से ही भक्तिमय माहौल में होगी। कार्यक्रम की समय सारणी इस प्रकार है- अभिषेक एवं हवन-पूजन- सुबह 8-00 से 10-00 बजे तक। नाश्ता- सुबह 8-00 से 10-30 बजे तक। ध्वजा रोहण- सुबह 11-00 बजे। आरती एवं प्रसाद वितरण- दोपहर 12-00 बजे। प्रतिभाशाली छात्र एवं लाभार्थी सम्मान- दोपहर 1-00 बजे। भोजन प्रसादी- दोपहर 1-30 बजे से। मुख्य लाभार्थी एवं आयोजक- इस भव्य महोत्सव के लिए समाज के विभिन्न परिवारों ने ब?-च?कर योगदान दिया है। अभिषेक के लाभार्थी सोलंकी परिवार (रंगाराखे?ी), ध्वजा के लाभार्थी सिसोदिया परिवार (सादलपुर) और आरती के लाभार्थी परमार परिवार (खैरोद) हैं। इसके अतिरिक्त पौशाख, छप्पन भोग और चंवर डुलाने के लिए भी विभिन्न परिवारों ने अपनी सेवाएं अर्पित की हैं। भोजन प्रसादी का आयोजन समस्त श्री दर्जी समाज, नागदा द्वारा किया जा रहा है। समाज की सक्रिय भागीदारी- आयोजन को सफल बनाने में श्री दामोदर वंशीय जुना गुजराती दर्जी समाज के अध्यक्ष सोहनलाल चाव?ा, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष महेश सोलंकी, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर सोलंकी सहित सचिव कपिल परिहार, मीडिया प्रभारी अशोक सोलंकी और समस्त कार्यकारिणी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। स्थान- श्री दामोदर वंशीय जुना गुजराती दर्जी समाज धर्मशाला, नागदा जिला धार (म.प्र.) समाज के पदाधिकारियों ने समस्त स्वजातीय बंधुओं और श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर सपरिवार पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## निशुल्क होगा दंत परीक्षण



**धार।** नगर की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारी और जवानों का दंत परीक्षण निशुल्क किया जायेगा। जानकारी देते हुए डॉ अमर , विधि त्रिवेदी ने बताया की शहर में दूर दूर से पुलिस बल आया है। सभी दिन रात हर मोर्चे पर तैनात है। ठंड में दांतो में सेंसिटिविटी आ जाति है। जिससे तीखा दर्द हो सकता हैं. । जिसके चलते सभी पुलिस अधिकारी, जवानों के दंत परीक्षण निशुल्क किया जायेगा। साथ ही दवा गोली में छुट दी जाएगी। इस मामले में डॉ अमर त्रिवेदी ने नगर पुलिस अधीक्षक श्री सुगावल जग्गा को पत्र भी सोपा है। अधिकारी, जवान् परीक्षण कराने महाजन हॉस्पिटल के सामने राधा कृष्ण मार्केट में त्रिवेदी क्लिनिक पर आ सकते है।

## गुप्त नवरात्रि पर मां चामुण्डा देवी मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी भागवत कथा



**मनावर।** गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर मां चामुण्डा देवी मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन स्थानीय भजन मंडल मातृशक्ति द्वारा आयोजित किया गया। दुर्गा मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भारी तादाद मे नगरवासी मातृशक्ति ने सम्मिलित रहे।जिसमें मुख्य यजमान कविता राहुल पाटीदार मेंबर ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। मां चामुंडा भजन मंडल अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा हीरालाल जी पाटीदार मेंबर ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत कथा दिनांक 19 जनवरी से 27 जनवरी तक समय दोपहर 12 बजे 4 बजे तक होगी।स्थान चामुंडा माता मंदिर गुलाटी रोड मनावर

## एसडीएम कार्यालय में जिसने फार्म जमा किए उसकी पहचान करें : विधायक ग्रेवाल

**सरदारपुर ।**मतदाता सुची गहण परीक्षण कार्य (एस.आई.आर.) मे फर्जी व्यक्तियो द्वारा ग्रामीणो के नाम से झूटे आवेदन फार्म भरकर मतदाता के नाम हटाने का षडयंत्र चलाया जा रहा है जिसको लेकर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने मंगलवार को विधायक कार्यालय प्रेसवार्ता को संबोधित किया, प्रेसवार्ता के दौरान दृष्टिहीन सुभाष डामर भी मौजूद रहा। विधायक ग्रेवाल ने बताया कि मतदान केन्द्र देदला-73 मे मतदाता के नाम हटाने के लिए फर्जी व्यक्तियो द्वारा सुभाष डामर पिता सारवणिया के नाम से कुल 3 मतदाता संजय, देवकन्या, रेखाबाई का नाम हटाने के लिए आवेदन जमा किए गए है जबकि मतदाता गॉव मे ही निवासरत है। सुभाष डामर द्वारा दावे-आपत्ति मे नाम हटाने के लिए फार्म जमा नही किया गया है सुभाष डामर दृष्टिहीन एवं विकलांग है फर्जी व्यक्ति द्वारा सुभाष के नाम से फार्म भरकर दावे-आपत्ति मे फार्म जमा किया गया है जिसमे फार्म पर हस्ताक्षर किए गए है जबकि सुभाष अशिक्षित है कभी स्कुल ही नही गया, वह अंगुठा लगाता है। वही सुभाष डामर द्वारा परिजनो के साथ एसडीएम एवं एसडीओपी को आवेदन देकर फर्जी व्यक्तियो पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। विधायक ग्रेवाल ने मांग की है कि नाम हटाने के लिए जिस भी व्यक्ति द्वारा एसडीएम कार्यालय मे फार्म जमा किए है उनकी पहचान कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 (1950 का 43) की धारा 31 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए।



## कलेक्टर धार द्वारा पांच अपराधियों को किया जिला बदर

**धार, 20 जनवरी 2026** /* कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा ने विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने पर जिले के 5 आरोपियों को जिला बदर किये जाने के आदेश जारी किये है। इनमें पप्पु पिता गलिया निवासी घोडाबाब थाना तिरला, रवि पिता दिलीप खराड़ी निवासी गंजीखाना धार थाना कोतवाली धार तथा अमन पिता महेश खराड़ी निवासी गंजीखाना धार थाना कोतवाली धार को 1-1 वर्ष की कालावधि तथा राहुल पिता सोहनलाल निवासी पंचमुखी थाना कानवन व इकबाल उर्फ टीपू पिता दाउद खान निवासी नई बस्ती मण्डलावदा थाना सेक्टर 3 पीथमपुर को 6-6 माह की कालावधि के लिये जिला बदर किया है।





# अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहने का संदेश :स्वामी जितेन्द्रानन्द

**कुक्षी। हिंदू मूल विचारों, संस्कृति एवं सभ्यताओं से दूर हो गया है।वह पुन: अपनी संस्कृति से जुड़े।पेड़ जब जड़े छोड़ता है तो सूख जाया करता है परंतु जब उसकी जड़े जमीन से जुड़ी रहती है तो लहलहाते रहता है। यह समझने की आवश्यकता है। जातिवाद के नारो में मत उलझना सिर्फ हम हिंदू है इस बात को ध्यान में रखें।उक्त प्रेरक वचन ग्राम कापसी में संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत मण्डल स्तरीय आयोजित हिंदू सम्मेलन में स्वामी श्री जीतेन्द्रानन्द जी सरस्वती मानव कल्याण आश्रम मुंबई ने व्यक्त किये।**

पंच परिवर्तन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रखर वक्ता मातृशक्ति पद्मिनी चव्हाण ने कहा कि घर की धूरी मां होती है।हर माता को चाहिए कि वो अपने बच्चों को उचित संस्कार दे। हमें दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए। स्वदेशी हमारा सरताज है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहकार्यवाह कमल मण्डोरा ने संघ के 100 वर्ष की गौरव गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी संघ सेवा,समर्पण और राष्टहित में अपना अमूल्य योगदान देते हुए आगे बढ़ता रहा है। विधर्मियों के आक्रमण पर भी हम डिगे नहीं। उन्होंने कहा कि पुराने जमाने में गुरुकुल में शिक्षा होती थी जिससे कभी वृद्धावस्था आश्रम जैसे आश्रमों की आवश्यकता नहीं पड़ी परंतु आज संस्कारित शिक्षा के अभाव में वृद्धावस्था आश्रम खुले हैं। हमें वैचारिक भाव बदलना होगा।प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित विरेन्द्र जी शर्मा अम्बाड़ा ने भी हिंदुत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। हिन्दू सम्मेलन में काव्य पाठ करते हुए कवि पंकज राठौर सिंघाना ने अपनी ओजस्वी वाणी से समा बांधे रखा साथ ही हिन्दूत्व पर विशेष प्रकाश डाला नन्हे बालक उज्जवल चौहान व हर्षदीप पंवार ने भी काव्य पाठ किया।आयोजन के पूर्व भारत माता चौक से राम,लक्ष्मण,सीता और हनुमान की जीवंत झांकी ग्राम के प्रमुख मार्ग होते हुए आयोजन स्थल पर ढोल धमाके के साथ पहुंची वहां सर्वप्रथम गौ माता का पूजन किया गया।कार्यक्रम में कस्तूरबा बालिका विद्यालय की बालिकाओं ने धार्मिक एवं राष्ट्रीय भावना से प्रेरित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मंचासीन प्रमुख अतिथियों के साथ विराजमान ग्राम कापसी के उप सरपंच परसराम गढ़वाल, समाजसेवी बाबूलाल धनगर, सरपंच प्रतिनिधि राकेश ठाकुर, कारसेवक जगदीश भायल,रमेश राठौर,राजेश भायल,गौरीशंकर विश्वकर्मा,डॉक्टर शिरीष कुमार पाटीदार,गोपालभायल,कैलाशभाई गुजरातिया,अम्बाराम पाटीदार,भीमालाल सिर्वी, राजूभाई जमरा,छितरिया भाई,के कर कमलो से भारत माता के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।अतिथियों का तिलक रोली एवं अंग वस्त्र से स्वागत यशस्वी राठौर,वैष्णवी पंवार,कार्यक्रम संयोजक संजय मुकाती,महादेव भाई धनगर,अंतिम राठौर,हरि परमार,नटराज सिर्वी,कपिल भायल,सुनील परमार,बाबूलाल गहलोत,गोपाल पंवार,भगवान दास गढ़वाल,संतोष बर्फा,खेमाभाई पाटीदार,राधेश्याम बारिवाले,शंकरभाई पाटीदार,हरीश भायल,युवराज मुकाती, कल्याणी परमार,शारदा भिड़े आदि ने किया। सम्मेलन में कारसेवकों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर विशेष सम्मान किया गया। भारत माता की आरती के साथ ही समरसता सहभोज का आयोजन संपन्न हुआ। सम्मेलन में रोहित काग,कमल चौहान, जितेन्द्र हम्मड़,विकास मुकाती, रवि ठाकुर,रोहित सोलंकी सहित सिर्वी समाज सकल पंच,सम्पूर्ण सेवा समिति, आईजी सेवा समिति आदि का सराहनीय सहयोग रहा। संचालन हीरालाल सिर्वी ने किया वह आभार सेवानिवृत्ति सीईओ लक्ष्मण राठौर ने माना।





## बाग में सशस्त्र पुलिस बल का फ्लैग मार्च 200 से अधिक जवान शामिल

**बाग** - धार में 23 जनवरी 2026 को भोजशाला में बसंत पंचमी पर्व के आयोजन ओर जुम्मे की नमाज के एक साथ होने को लेकर जिले भर में पुलिस प्रशासन कानून व्यवस्था को लेकर मुस्तैद है । ओर लगातार जनता को शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान ना देने का संदेश दे रही है । इसी कड़ी में मंगलवार को बाग नगर में सशस्त्र पुलिस बल (॑क्क्न) का फ्लैग मार्च निकाला गया । यह फ्लैग मार्च एसडीओपी सुनील गुप्ता व बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान के नेतृत्व में निकाला गया । जिसमें 200 से अधिक जवान शामिल हुए ।

इस फ्लेग मार्च का मुख्य उद्देश्य यही था की त्योहारों के अवसर पर लोगों को शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना के संदेश देना था । इसके माध्यम से असामाजिक तत्वों को भी कड़ी चेतावनी दी गई। यह फ्लैग मार्च नगर के अधिकांश मोहल्लों से निकलते हुए थाना प्रांगण में समापन हुआ । इस दौरान एसडीओपी सुनील गुप्ता नू बताया की स्थानीय थाना बल के साथ सशस्त्र पुलिस बल भी इस फ्लेग मार्च में शामिल रहा । उनके द्वारा यह अपील भी की गई की त्योहारों के चलते शांति और सोहार्द बनाए रखने के लिए यह फ्लेग मार्च निकाला गया है । साथ ही एसडीओपी गुप्ता ने यह भी किया की शरारती तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा कानून व्यवस्था और शांति भंग असामाजिक तत्वों को पुलिस सख्ती से निपटेगी पुलिस प्रशासन बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुरी तरह सजग है । इस फ्लैग मार्च मे तहसीलदार प्रवीण पाटीदार भी मौजूद रहे ।

## शांति नाथ देरासर पर अठारह अभिषेक क्रिया संपन्न

**नागदा धार ।** विभिन्न औषधियों का लेपन कर अनेक नदियों के जल से शांति नाथ देरासर बस स्टैंड नागदा के मूलनायक शांति नाथ प्रभु एवं प्रतिष्ठित सभी भगवान व देवी देवता का अठारह अठारह बार अभिषेक करते हुए शुद्धिकरण के साथ अठारह अभिषेक क्रिया सम्पन्न हुई समाज जनों सहित लाभार्थी परिवार द्वारा प्रत्येक अभिषेक में संगीतमई खम्मासना देते हुए चैत्य वंदन किया साथ ही आरती मंगल दीपक कर शांति कलश किया गया अभिषेक क्रिया अंतर्गत श्री फल पुष्प पान फल नैवेद्य अक्षत चंदन केशर से पूजन कर 18 दीपक एवं चांदी के सूरज चांद परमात्मा को दिखा विधिकारक द्वारा अठारह अभिषेक क्रिया सम्पन्न करवाई साथ ही हुई असातना के लिए परमात्मा से चैत्य वंदन कर सामूहिक क्षमा याचना की गई अंत में अभिषेक आयोजन के संपूर्ण लाभार्थी पुखराज मल शालीन कुमार कटारिया परिवार द्वारा सभी संघ जन को प्रभावना वितरित की इस अवसर पर क्रिया कारक सुनील जी कंकरेचा एवं लाभार्थी परिवार के पुखराज कटारिया का मालवा महासंघ राष्ट्रीय पदाधिकारी संतोष मेहता राजेन्द्र बोकड़िया संघ अध्यक्ष संतोष मोदी शैतान मल कांकरिया सुरेश मुथा पारस मोदी द्वारा शाल श्री फल एवं मोती की माला से बहुमान किया गया



## 23 जनवरी को सिर्वी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

**मनावर ।** ग्राम जाजमखेड़ी में अखिल भारतीय सिर्वी महासभा का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया है।समाज के मीडिया प्रभारी सोहनलाल काग ने बताया कि 23 जनवरी को आयोजित यह सांतवा सामूहिक विवाह सम्मेलन है। सम्मेलन ग्राम जाजमखेड़ी की सिर्वी समाज की धर्मशाला में संपन्न होगा। 23 जनवरी बसंत पंचमी को प्रात: से ही कार्यक्रमों की शुरुआत होगी, जिसमें गणेश पूजन,मंडप प्रतिष्ठा, प्रीति भोज के बाद समाज के जोड़ों का शुभ विवाह दोपहर में विधि विधान से संपन्न होगा। सम्मेलन में कुक्षी,मनावर और गंधवानी तहसील के विवाह योग्य जोड़े शामिल हों रहें हैं।अखिल भारतीय सिर्वी महासभा ने इस विवाह सम्मेलन में गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों को भी आमंत्रित किया है।

# श्री कष्टभंजन बालाजी धाम दाहोद पाटोत्सव

**मनावर। खंडवा बड़ौदा स्टेट हाईवे गणपुर चौकड़ी से 5 किलोमीटर दूर ग्राम दोद में स्थित आस्था और विश्वास के केंद्र स्थानीय कष्टभंजन देव मंदिर में आयोजित प्रथम पाटोत्सव ने समूचे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया है।**

कार्यक्रम 14 जनवरी से प्रारंभ होकर 20 जनवरी तक चला। 19 जनवरी को समय शाम 5-30 बजे से जल यात्रा प्रारंभ होगी। 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 3 तक विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें श्रधालू भक्तो ने प्रसादी गृहण किया

महोत्सव के दौरान आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं का का उत्साह देखते ही बन रहा है। पाटोत्सव के विशेष आकर्षण के रूप में प्रतिदिन शाम 7 बजे से स्वामीनारायण भगवान के दिव्य प्रसंगों पर आधारित कथा शांतिप्रियदास महाराज के मुखारबिंद से प्रवाहित हो रही है।



जिसका लाभ लेने के लिए दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से भक्तगण पहुँच रहे हैं।

इस अवसर पर संत श्री उत्तम स्वामी जी व संत श्री विवेक जी बालाजी धाम पहुंचे। कष्टभंजन धाम में संत श्री उत्तम स्वामी महाराज का आगमन हुआ। उनके आगमन से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। महाराज ने कष्टभंजन देव के चरणों में वंदन कर क्षेत्र की खुशहाली और लोक कल्याण की मंगल कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर के शांतिप्रियदास महाराज के आध्यात्मिक चर्चा की साथ और मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। आध्यात्मिक शांति का केंद्र बना दरबार संत उत्तम स्वामी ने कहा कि, 卐कष्टभंजन देव का यह दरबार दिव्य ऊर्जा से परिपूर्ण है। यहाँ आकर जो शांति मिलती है, वह शब्दों में परे है।卐 उन्होंने आगे कहा कि पाटोत्सव जैसे आयोजन हमारी भावी पीढ़ी को संस्कारों और अपनी गौरवशाली संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।

मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद नजर आ रही हैं। संत श्री विवेक जी कष्टभंजन बालाजी की 41 फीट मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में पहुंचे यहां पर मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में भाग लेकर संत श्री शांतिप्रिय दास जी व विवेक जी देवपथ लिंग बोधवाड़ा पहुंचे जहां पर देवपथ लिंग के दर्शन व पूजा अर्चना की। हनुमान जी की 41 फीट ध्यान मुद्रा में प्रतिमा स्थापित की गई। कथा के समापन पर प्रतिदिन होने वाली महाआरती में सम्मिलित भक्तों की आस्था देखते ही बनती है।

आरती के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। भक्ति, सत्संग और सेवा के इस त्रिवेणी संगम ने क्षेत्र को काशी के रूप में परिवर्तित कर दिया है। 17 जनवरी को हनुमान जी की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया। कष्टभंजन देव मंदिर परिसर में कार्यक्रम के चौथे दिन स्थापित हनुमान जी की विशाल प्रतिमा का अनावरण हुआ। उक्त प्रतिमा में अध्यात्म, ओर ध्यान का अनूठा संगम सम्मिलित है प्रतिमा के साथ साथ ध्यान की विभिन्न मुद्राएं भी स्थापित की प्रतिमा आकर्षण का विशेष केंद्र है मंदिर से दो किलोमीटर दूरी तक उक्त प्रतिमा दिखाई पड़ती है यह प्रतिमा क्षेत्र में अपने तरह की पहली प्रतिमा है।

एक नजर

**आसपास के गांवों के स्कूली बच्चे प्रतिदिन इसी मार्ग को पार कर विद्यालय जाते हैं**

# पिटगारा चौराहे पर फोरलेन कार्य की धीमी रफ्तार, दुर्घटना की आशंका बढ़ी

**बदनावर।** ग्राम पिटगारा चौराहे पर फोरलेन निर्माण कार्य की गति अत्यंत धीमी होने से आमजन की सुरक्षा को लेकर गंभीर स्थिति बन गई है, निर्माण कार्य के दौरान करीब एक माह पूर्व स्पीड ब्रेकर हटा दिए गए थे, लेकिन उसके बाद भी सड़क कार्य पूर्ण नहीं हो सका, जिससे यह चौराहा लगातार दुर्घटना संभावित क्षेत्र में तब्दील होता जा रहा है, इसी स्थान से फोरलेन के साथ मंडी मार्ग भी निकलने के कारण भारी वाहनों, ट्रकों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, बसों, कारों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही पूरे दिन बनी रहती है, गति नियंत्रक नहीं होने से वाहन चालक तेज रफ्तार में चौराहा पार कर रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, आसपास के गांवों के स्कूली बच्चे प्रतिदिन इसी मार्ग को पार कर विद्यालय जाते हैं, वहीं नगर बदनावर की ओर आने-जाने वाली स्कूल बसें भी इसी सड़क से होकर गुजरती हैं, ऐसे में सुबह और दोपहर के समय हालात और अधिक संवेदनशील हो जाते हैं, चेतावनी संकेतक, अस्थायी स्पीड ब्रेकर या ट्रैफिक नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं होने से जोखिम कई गुना बढ़ गया है, ग्रामीण इंद्रजीत सिंह ने बताया कि फोरलेन निर्माण चलते-चलते एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई, वहीं अभिजीत सिंह का कहना है कि मंडी मार्ग से जुड़ाव होने के कारण यहां हर समय ट्रैफिक का दबाव रहता है और तेज रफ्तार वाहन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो किसी गंभीर हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता, इस संबंध में फोरलेन निर्माण से जुड़े अधिकारियों का पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका फोन नहीं उठ पाया, जिससे विभागीय प्रतिक्रिया सामने नहीं आ सकी, वहीं प्रशासन स्तर पर मामले को गंभीरता से लिया गया है, इस विषय पर एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने बताया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है और फोरलेन अधिकारियों से संपर्क कर सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



